समानांतर जलवाहिनी परियोजना पर कार्यशाला आज

संवाददाता | औरंगाबाद

समानांतर जलवाहिनी परियोजना के माध्यम से किए जाने वाली जलापूर्ति योजना के संबंध में सर्वसामान्य नागरिकों को जानकारी देने के लिए रविवार को शहर के दो ठिकानों, संत एकनाथ रंगमंदिर उस्मानपुरा तथा संत तुकाराम नाट्यगृह सिडको में क्रमशः दिन के 1 बजे से 12 बजे तथा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

जलापूर्ति कार्यकारी अभियंता सखाराम पानझड़े ने बताया कि कार्यशाला में समानांतर जलवाहिनी की जानकारी दी जाएगी। काम के नियोजन, नागरिकों को दी जाने वाली सेवा-सुविधा, भविष्य में बढ़ाए जाने वाली सेवा स्तर की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। पानझड़े ने यह भी कहा है कि इस योजना के तालुक से जिस व्यक्ति को कोई शंका या प्रश्न पूछना हो तो वे चर्चा कर सकते हैं। आयुक्त डॉ.पुरुषोत्तम भापकर का दावा है कि यह महत्वाकांक्षी योजना शहरवासियों के लिए काफी फायदेमंद रहेगी जिसकी पूरी जानकारी कार्यशाला में रखी जाएगी। आम नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे कार्यशाला में भाग लेकर हर शंका का निदान करें।